स्था. 1970 ।। संघे शक्ति युगे-युगे ।। पंजीयन क्रमांक 1884

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

( शासन द्वारा मान्यता प्राप्त )

पंजीकृत प्रांतीय कार्या.: एफ-108/1, शिवाजी नगर, भोपाल

सम्बद्ध : अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( दिल्ली )

( प्राथमिक से विश्व विद्यालय स्तर तक के समस्त शासकीय-अशासकीय शिक्षकों का संगठन )

**डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर**
प्रांताध्यक्ष
मो. 9425444458

**विनोद पूनी**
प्रांतीय कोषाध्यक्ष
मो. 9425108236, 8319182844

**राकेश गुप्ता**
प्रांतीय महामंत्री
मो. 9340017960, 9926961085

क्रमांक : 1113 दिनांक ...08/08/2025

प्रति,

आयुक्त,
लोक शिक्षण संचालनालय,
भोपाल

विषय :— ई—अटेंडेस को लेकर "हमारे शिक्षक एप" पर आनलाइन उपस्थिति में त्रुटि/चूक, शिक्षकों तथा उनके परिजनों का डेटा लीक होने ~~से~~ से उत्पन्न विसंगतियों एवं भ्रम की स्थिति से यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त करने विषयक।

संदर्भ :— मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला बुरहानपुर में सम्पन्न हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक (दिनांक 2 एवं 3 अगस्त 2025) में सम्पूर्ण प्रदेश से आए हुए पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त किए गए अभिमत एवं लिये गये निर्णय अनुसार।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भ एवं विषयांतर्गत सानुरोध लेख है कि विभाग द्वारा **"हमारे शिक्षक ऐप"** पर आनलाइन ई— अटेंडेस व्यवस्था **एच्छिक है अनिवार्य** नही है फिर भी विभागीय एवं अन्य सक्षम अधिकारियों द्वारा निरन्तर दबाव बनाते हुए शिक्षक—शिक्षिकाओं को यह कहकर भयभीत किया जा रहा है कि जिस शिक्षक—शिक्षिका की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नही होगी उसका वेतन काटा जावेगा जबकि विभाग एवं शासन का ऐसा कोई अभिप्राय नहीं है। इस प्रकार के प्रसारित आदेश किसी भी स्तर से प्रसारित किए गए हो उन पर रोक होना चाहिए।

लगभग डेढ़ माह तक 0.3 के **ऐप हमारे शिक्षक** की गहनता से गुण/दोषों की परख एवं परीक्षण तथा समूचे प्रदेश के शिक्षक/शिक्षिकाओं/प्रधानाध्यापकों, प्राचार्यो से परस्पर चर्चा के बाद शिक्षक संघ ने पाया कि हमारे शिक्षक ऐप पर चेहरा, समग्र आई.डी. (जो कि आधार से लिंक है) नाम स्वयं का, माता—पिता का नाम, जन्मदिनांक खाता क्रमांक जैसे निजी दस्तावेतज फीड है एवं कंपनी के कर्मचारी पाकिस्तान जैसे दुशमन देश जुड़े है और अनेक स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार **"हमारे शिक्षक" ऐप को निर्मित करने वाली पार्टी** Median.com है जिसके अधिकारी **हुनेदहसन** (Director of Engnieering) मूलतः **पाकिस्तानी, अब्दुल्ला** अब्दुल हुसैन (Software Enginirers) **बंगलादेशी वायन** ही (चिप टेक्निॉलाजी आफीसर) टायलर ली (Account Exective) चीनी है। यदि ये सही है तो वास्तविकता की गहन एवं वैधानिक तथा प्रामाणिकता की जॉच भी होनी चाहिए क्योकि समस्त लोग भारत के बाहर के है जो इस Software को ~~[illegible]~~ ऑपरेट कर रहे है इन बाहरी देश के लोगों के पास म.प्र. के समस्त शिक्षक संवर्ग का व्यक्तिगत एवं संस्थागत तथा परिजनों का डाटा पहुँचेगा जिसका कभी भी

निरन्तर— 02



Scanned with OKEN Scanner

स्था. 1970 ।। संघे शक्ति युगे-युगे ।। पंजीयन क्रमांक 1884

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

( शासन द्वारा मान्यता प्राप्त )

पंजीकृत प्रांतीय कार्या.: एफ-108/1, शिवाजी नगर, भोपाल

सम्बद्ध : अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( दिल्ली )

( प्राथमिक से विश्व विद्यालय स्तर तक के समस्त शासकीय-अशासकीय शिक्षकों का संगठन )

**डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर**
प्रांताध्यक्ष
मो. 9425444458

**विनोद पूनी**
प्रांतीय कोषाध्यक्ष
मो. 9425108236, 8319182844

**राकेश गुप्ता**
प्रांतीय महामंत्री
मो. 9340017960, 9926961085

क्रमांक : 1115 दिनांक 08/08/2025



दुरूपयोग होने की सम्भावना है एवं शिक्षकों के साथ **वित्तीय एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर आघात** करने वाली घटनाएं घटित होने की सूचनाएं Fraud एवं साइबर धोखाधड़ी की **सूचना संघ** को मिल रही है। अज्ञात नंबरों से शिक्षक–शिक्षिकाओं के पास Call एवं Sms आ रहे है ओ.टी.पी. पूछे जा रहें है उदाहरण के लिए शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. सोनकच्छ (देवास) को **पाकिस्तान से हैकर्स द्वारा वीडियो काल किए जा रहे है। जिला कटनी से भी इस प्रकार की शिकायत मिल रही है।**

वर्तमान में शासन के पास राज्य शिक्षा केन्द्र, आयुक्त लोकशिक्षण, के अधिकारी, जिला, विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी , संकुल प्राचार्य, जिला परियोजना समन्वयक, बी.आर.सी., बी.ए.सी., सी.ए.सी, तहसीलदार, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत, पंच, सरपंच, नगरपालिका, नगरनिगम, आदि संस्थाओं के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी भी विद्यालयों में समय–समय पर निरीक्षण करने जाते है फिर भी संवेदनहीन एवं अव्यवहारिक निर्णय शिक्षकों के प्रति, अविश्वास पूर्वाग्रह से ग्रस्त एवं मानसिक तनाव देने वाली शैक्षणिक प्रशासनिक व्यवस्था की है। शासन के अन्य सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भी यह लागू की जावे जिससे यह व्यवस्था **निष्पक्ष एवं समान रूपी परिलक्षित हो।** यदि इसे अनिवार्य रूप से लागू करना है तो इससे पूर्व निम्नांकित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने हेतु संगठन का निवेदन है।

1. समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं (अतिथि शिक्षक सहित) एंड्राइड चलित दूभाष (मोबाइल) क्रय करने हेतु **राशि रू. 15,000/–** तथा प्रतिमाह डाटा पेक रिचार्ज करने की राशि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जावें एवं उसकी वैधानिकता, प्रामाणिकता, स्वीकार्यता म.प्र. शासन के गृह विभाग से पुष्टि की जाना आवश्यक होगी।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या रहती है इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।

उक्त कारणों के साथ–साथ निम्नानुसार स्थितियां भी निर्मित होने पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

1. मोबाइल खराब या खो जाने अथवा चोरी लूट आदि होने पर।
2. गैर शैक्षणिक कार्य जैसे **बी.एल.ओ. चुनाव प्रशिक्षण, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी, वरिष्ठ** कार्यालय में बुलाए जाने पर खेल प्रतियोगिता में ड्यूटी दो पारियों में विद्यालय लगने पर।
3. विद्यालयों में गलत लोकशन बताने पर।

निरन्तर – 03



Scanned with OKEN Scanner

।। संघे शक्ति युगे-युगे।।

स्था. 1970 पंजीयन क्रमांक 1884

राष्ट्र हित

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

( शासन द्वारा मान्यता प्राप्त )

पंजीकृत प्रांतीय कार्या.: एफ-108/1, शिवाजी नगर, भोपाल

सम्बद्ध : अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ( दिल्ली )

( प्राथमिक से विश्व विद्यालय स्तर तक के समस्त शासकीय-अशासकीय शिक्षकों का संगठन )

शिक्षक हित

| डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर | विनोद पूनी | राकेश गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रांताध्यक्ष | प्रांतीय कोषाध्यक्ष | प्रांतीय महामंत्री |
| मो. 9425444458 | मो. 9425108236, 8319182844 | मो. 9340017960, 9926961085 |

क्रमांक : 1115 दिनांक 08/08/2025

4. फोन डिस्चार्ज होने पर।
5. उपस्थिति दर्ज करते समय दर्ज नहीं होने पर।
6. मोबाइल अकस्मात घर पर भूल जाने पर।
7. प्राकृतिक बाधा के कारण।
8. मार्ग में जाम आदि लगने पर।
9. समय पर वेतन प्राप्त न होने पर उत्पन्न आर्थिक कठिनाई।
10. मध्यान्ह भोजन आदि की व्यवस्था पर।
11. भविष्य में जनगणना, निर्वाचन कार्य आने पर ।
12. दोपहर पाली वाले शिक्षकों की उपस्थिति 10:30 तक ही स्वीकार है 10:31 भी मान्य नही है।

उक्तानुसार परिस्थितियॉ निर्मित होने पर भी **ई–अटेंडेस लगाना सम्भव नही हो पाएगा।**

विभाग के सतत प्रयासों से इस वर्ष का परीक्षा परिणाम गत वर्षो की भॉति **श्रेष्ठ एवं अच्छा** रहा है जिसका श्रेय **लेपटॉप वितरण कार्यक्रम में स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी ने** तथा **माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री जी एवं सचिव स्कूल शिक्षा ने शिक्षकों की भूरि–भूरि प्रशंसा की है** विश्वास भी व्यक्त किया है। अतः उन्ही भावनाओं का सम्मान करते हुए शासन से **मान्यता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश शिक्षक संघ** अनुरोध करता है कि ऑनलाइन उपस्थिति **"हमारे शिक्षक"** ऐप पर **तत्काल प्रभाव से रोकी जावे** यह न्यायोचित भी नही है और शिक्षिकों की गरिमा के प्रतिकूल भी है।

अतः आपसे पुनः आग्रह एवं विनय है कि प्रदेश के लगभग 3 लाख शिक्षकों की मांग एवं भावना का सम्मान करते हुए और देश के **माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री जी** द्वारा दो दिन पूर्व ही देशवासियों से की गई अपील कि **स्वदेशी प्रथम** की भावना को दृष्टिगत रखते हुए जहॉ तक आवश्यक हो विदेशी वस्तुओं से दूरी रखकर **"स्व"** का आदर करते हुए, विदेशी इंजीनियर्स द्वारा निर्मित **"हमारे शिक्षक" ऐप पर लगने वाली ई–अटेंडस** का पूर्णतः तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जावें।

सादर

(राकेश गुप्ता)
प्रांतीय महामंत्री
मध्यप्रदेश शिक्षक संघ

(डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर)
प्रांताध्यक्ष
मध्यप्रदेश शिक्षक संघ



Scanned with OKEN Scanner